
तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार, 7 अप्रैल 2024

12 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने किया स्ट्रांग रूम...


12 नववर्ष में हर सनातनी के घरों में लगेगा भगवा ध्वज...





# मुठभेड़ में एक पुरुष नक्सली ढेर, दंतेवाड़ा पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए दंतेवाड़ा जिला सहित सरहदी क्षेत्रों में पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

दंतेवाड़ा से 4 अप्रैल को थाना किरन्दुल क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, डोडी तुमनार, गमपुर के जंगल में सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा तथा सीआरपीएफ 231 बटालियन की यंग प्लाटून की संयुक्त टीम नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान पर निकली थी। नक्सल गश्त सर्च अभियान के दौरान थाना किरंदुल अंतर्गत पुरंगेल, बड़ेपल्ली, डोडी तुमनार व गमपुर के जंगल पहाड़ी के बीच पूर्व से ऐम्बुश लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी पर अवैध हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू किया गया। पुलिस बल द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर नक्सलियों पर जवाबी फायरिंग कार्यवाही की गई। जिसमें पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली ▶▶| शेष पेज 12 पर



## बंदूक, जिंदा राउंड नक्सल सहित अन्य सामग्री बरामद

मौके पर सर्च करने पर एक नग 12 बोर बंदूक, 3 नग जिंदा राउंड, पिट्ठू बैग, दैनिक उपयोगी वस्तुएं, दवाईयां, नक्सल साहित्य व अन्य सामग्री बरामद हुई है। मारे गए नक्सली की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में कई और नक्सलियों की घायल होने की प्रबल संभावना है। सभी पुलिस पार्टी सुरक्षित है। मुठभेड़ के बाद इलाके में पुलिस पार्टी के द्वारा अभी भी सर्चिंग जारी है तथा पुलिस पार्टी मौके पर गश्त कर रही है।

## नो एंट्री में घुसे वाहनों पर 1 लाख रुपए का जुर्माना

दंतेवाड़ा। यातायात पुलिस ने फागुन मंडई के दौरान नो-एंट्री में घुसने वाले भारी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये मामले में इस्तगाशा न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के निर्देशन में नो-एंट्री क्षेत्र में घुसने वाले भारी वाहनों पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए थे। अनुविभागीय अधिकारी दन्तेवाड़ा के द्वारा भी आदेश जारी कर शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश 24 घंटे के लिये प्रतिबंधित रहा। उप पुलिस अधीक्षक यातायात केके. चन्द्राकर के नेतृत्व में यातायात पुलिस दन्तेवाड़ा के द्वारा ऐसे क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 5 भारी वाहनों को जप्त कर ▶▶| शेष पेज 12 पर

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL® Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute
Admission Open
FOUNDATION
9th | 10th | 11th | 12th for Board, NEET / JEE
Classes Starts on 08, 12, 15 & 19 April 2024
SUMMER COURSE
11th & 12th Board with NEET / JEE
Classes Starts on 15th April
DROPPER BATCH
NEET / JEE 2025
Registration Open
FEATURES
- यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
- यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
- यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
- यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सही समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, डाऊट क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

अब एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लॉस्टी की सुविधा अपने जगदलपुर में
12 एवं 13 अप्रेल को छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश सूर्यवंशी

डॉ. सतीश सूर्यवंशी
MD.DM (Cardiology)
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
स्थान:- एम.पी.एम हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांक:- 12.04.2024, समय: दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दिनांक:- 13.04.2024, समय: दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
ईको सुविधा उपलब्ध
( समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध )
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लॉस्टी एवं पेसमेकर
#Rajesh
पूर्व रजिस्ट्रेशन संपर्क:-
8120991117 / 8109229030 / 9993309922
CSEB,CISF,CRPF,CGHS,ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त


एस. एम.सी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
वी.आई.पी. इस्टेट, अशोका रतन के पास, बी.एस.एन.एल. ऑफिस के सामने रायपुर छ.ग. फोन नं. 8839800123

# अरनपुर क्षेत्र से एक विधि से संघर्षरत बालक सहित 3 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के थाना अरनपुर क्षेत्र से एक विधि से संघर्षरत बालक सहित 3 नक्सलियों को पुलिस की संयुक्त पार्टी ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अरनपुर-समेली के बीच मलांगेर एरिया कमेटी के नक्सलियों के द्वारा लोकसभा चुनाव के बहिष्कार में बैनर, पोस्टर लगाने की सूचना पर 5 अप्रैल को थाना अरनपुर से जिला बल एवं सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी यंग प्लाटून की संयुक्त पार्टी गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुए। तभी नीलवाया चौक के पास पुलिस पार्टी को देखकर कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। जिसमें से 3 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः हांदा मड़काम पिता हिंगा मड़काम उम्र 29 वर्ष निवासी नीलावाया मिलकानपारा नीलावाया पंचायत मिलिशिया सदस्य एवं देवा माड़वी पिता पाण्डू माड़वी उम्र 20 वर्ष निवासी नीलावाया मिलकानपारा नीलावाया पंचायत मिलिशिया सदस्य के पद पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में कार्य करना बताया। जिनके कब्जे से 1 नग टिफिन बम लगभग 2 किग्रा, 3 नग डेटोनेटर, 5 नग फटाखा, लगभग 15 मीटर वायर, नक्सली बैनर पोस्टर 7 नग, 1 नग सब्बल एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया। जिनके विरूद्ध थाना अरनपुर में अप क्रं 06/2024 धारा छग विजसुअधि. 2005 की एवं विपअधि. 1908 की संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर एवं अन्य 1 विधि से संघर्षरत बालक को बाल सम्प्रेषण गृह भेजा गया। उपरोक्त नक्सलियों की गिरफ्तारी में थाना अरनपुर और सीआरपीएफ 111वाहिनी के यंग प्लाटून की विशेष भूमिका रही।



- जिला बल एवं सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी यंग प्लाटून की संयुक्त कार्रवाई
- टिफिन बम, डेटोनेटर, नक्सली बैनर पोस्टर सहित अन्य सामान बरामद


# पीएम मोदी के बस्तर आगमन को लेकर जनता में हर्षः केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता दिखता सामान्य है लेकिन जब वह देश और समाज के लिए कार्य करने के लिए निकलता है तो असाधारण कार्य भी बड़े उत्साह के साथ सरलता से पूरा कर सफलता पाते हैं। श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा के छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा प्रत्याशी भारी बहुमत से चुनाव जीत रहें हैं, वहीं कांग्रेस की डूबती नैय्या पर कोई सवार होने को तैयार नही है। कांग्रेस पार्टी छोड़कर सभी भाग रहें हैं। 8 अप्रैल को दुनिया के सबसे ताकतवर राष्ट्राध्यक्ष और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मां दंतेश्वरी की पावन धरा बस्तर अंचल के ग्राम छोटे आमाबाल में आगमन हो रहा है। पूरे बस्तर संभाग की जनता अपने प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए आतुर है। चारों तरफ हर्ष का माहौल व्याप्त है। प्रधानमंत्री के कार्यो् को पूरी दुनिया देख रही है। विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव सरकार ने प्रधानमंत्री के गारंटियों को पूरा करने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, तेंदूपत्ता संग्राहकों को वाजिब देना का गारंटी विष्णुदेव साय सरकार ने पूरा करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता जानती है कि विकास कार्य केवल भाजपा के सुशासन में संभव है। भाजपा जो कहती है वह करती है इसलिए मोदी की गारंटी पर जनता का विश्वास है। अब की बार भाजपा 400 के पार बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी।



MARUTI 7 Wonder City
PCGRERA230922001524
www.rera.cgstate.gov.in
APPROVED BY TOWN & COUNTRY PLANNING
कल्पना कीजिये एक अद्भुत जिंदगी की
सात अजूबों के बीच आप का अपना संसार









मारूती 7 वंडर सिटी | संपर्क: 6262110999, 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | 10 कि.मी. जय स्तंभ चौक से मात्र 10 कि.मी. की दूरी
Bank Account Name - PARRGUN CHHABDA MARUTI 7 WONDER CITY | RERA RECEIVABLES ACCOUNT NO. - 004772500000237 | IFSC CODE - YESB0000047 Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) | इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है । हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 25% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है,प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है Web: www.maruti7wondercity.com, Email: maruti7wondercity@gmail.com
Embassy

## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



गीदम। जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को नियमित चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे आरोपी अरूण सरकार पिता स्व.अजीत सरकार उम्र 42 वर्ष निवासी शहीद चौक बारसूर को सोनारपारा चौक गीदम के पास रोड किनारे पकड़ा गया। जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब 35 नग प्रत्येक में 180 एमएल प्रत्येक की कीमत 150 रुपए एवं हिस्की 20 नग प्रत्येक में 180 एमएल भरा हुआ, प्रत्येक की कीमत 120 रुपए जुमला शराब 9.900 बल्क मिली लीटर जुमला कीमती 7650 रुपए को लेकर परिवहन करने व बिक्री करने ग्राहक का इन्तजार कर रहा था। अरूण सरकार पिता स्व अजीत सरकार के विरूद्ध थाना गीदम में अपराध क्रमांक 43/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह,प्रधान आरक्षक विरेन्द्र नाग, आरक्षक गिरीश नेताम एवं आरक्षक भील कुमार नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मेले में मिला रुपयों से भरा पर्स, पुलिस ने मालिक को किया वापस



**फरसगांव।** नगर में वार्षिक मेले के चौथे दिन मेला स्थल में लावारिस हालात में एक महिला का पर्स मिला। पर्स में नगदी रकम सहित कई आवश्यक दस्तावेज थे। मेला घूमने आई अन्य महिलाओं को मेला स्थल में पर्स मिला। उन महिलाओं ने मानवता का परिचय देते हुए मेले में तैनात पुलिस को पर्स सौंपा दिया। पुलिस ने देखा कि पर्स में नकदी रकम सहित आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने दस्तावेज के आधार पर उस महिला के बारे में पता कर उस पर्स को सुपुर्द कर दिया। पर्स मिलने पर महिला ने पुलिस और पर्स देने वाली महिलाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पेज 11 के शेष...

### मुठभेड़ में एक पुरूष...

जंगल झाड़ी की आड़ लेकर भाग खड़े हुए। पुलिस पार्टी के द्वारा सर्च करने पर मौके पर एक पुरुष नक्सली का शव बरामद हुआ, जिसे ससम्मान जिला मुख्यालय लाया गया। पुलिस ने नक्सल संगठन में कार्य करने वालों से अपील है कि नक्सलियों की खोखली मानसिकता से मुक्त होकर, हिंसा का मार्ग त्याग कर विकास के मार्ग पर वापस आएं। शासन की आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को देय विभिन्न सुविधाओं, योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। लोन वर्राटू अभियान के तहत समाज की मुख्यधारा से जुड़कर एक सम्मानित जीवन जिएं।

### नो एंट्री में घुसे...

कार्यवाही किया गया था। जिन्हें 5 अप्रैल को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। ऐसे कुल 5 भारी वाहनों में प्रत्येक पर 20,000-20,000 रुपए कुल 1 लाख रुपए के अर्थदण्ड राशि से दण्डित किया गया। पर्यवेक्षण अधिकारी यातायात ने बताया कि नो एंट्री में प्रवेश कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो सड़क हादसों का कारण बनते हैं। इसके अलावा उन चालकों पर भी कार्रवाई होगी, जो गलत पार्किंग व तेज रफ्तार करते हुए लोगों की जान जोखिम में डालते हैं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले ने बस्तर जिले के प्रवास पर शनिवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर निर्वाचन सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निष्पक्ष एवं निर्विघ्न ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व सुनिश्चित किए जाने के प्रयासों को सराहनीय निरूपित किया।

इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने स्ट्रांग रूम परिसर में बेरीकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में कंट्रोल रूम, मतदान सामग्री वितरण के लिए आवश्यक तैयारी को देखा और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को भी निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा करने हेतु सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने मतदान दलों को ईव्हीएम मशीन तथा मतदान सामग्री वितरण हेतु व्यवस्था, मतदान केन्द्रों हेतु मतदान दलों की रवानगी के लिए वाहनों की व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने जिले में लोकसभा निर्वाचन हेतु तैयार कार्ययोजना की जानकारी देते बताया कि स्ट्रांग रूम से जिले के जगदलपुर, बस्तर एवं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों सहित नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के 82 मतदान केंद्रों के लिए दलों को मतदान सामग्री वितरित कर रवाना किया जाएगा। वहीं मतदान पश्चात उक्त सभी दलों से ईव्हीएम मशीन तथा सामग्री प्राप्त की जाएगी। उन्होंने स्ट्रांग रूम में ही मतगणना केन्द्र बनाए जाने तथा अन्य जानकारी से भी अवगत कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक तथा लोक निर्माण विभाग तथा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।



**बैठक :** शहर में भव्य और दिव्य श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकली जाएगी 17 को

# नववर्ष में हर सनातनी के घरों में लगेगा भगवा ध्वज, आंगन में सजेगी रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हिन्दू नववर्ष एवं श्री राम जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 9 अप्रैल से आगामी 17 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। उक्त जानकारी विहिप के जिलाध्यक्ष हरि साहू ने दी। बस्तर जिला पत्रकार संघ जिला कार्यालय में विहिप, बजरंग दल, श्रीराम जन्मोत्सव समिति समेत सर्व हिन्दू समाज के प्रतिनिधि शनिवार को पत्रकारों से रूबरू थे।

हरि साहू ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक आयोजन को विश्व हिन्दु परिषद, राम जन्मोत्सव समिति के सयुंक्त पहल से नगर में 17 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जबकि एक दिन पहले बजरंग दल के नेतृत्व में सम्भाग मुख्यालय समेत सम्पूर्ण बस्तर अंचल के गांव-गांव में बाइक रैली के माध्यम से जगदलपुर में 17 अप्रैल को आयोजित श्री राम जन्मोत्सव के लिए आमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने बताया 9 अप्रैल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 को मातृ शक्ति स्कूटी रैली की जाएगी। यह रैली दन्तेश्वरी प्रांगण से प्रारम्भ होकर नगर भ्रमण करते हुए दन्तेश्वरी में सम्पन्न होगी। इसी क्रम में नवरात्रि के प्रत्येक दिवस में अलग अलग प्रकार के धार्मिक आयोजन जिसमें 14 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से सिराहासार भवन के सामने आयोजित की जावेगी। 12 अप्रैल शाम 4 बजे मातृ शक्ति द्वारा मां दंतेश्वरी को 1011 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाया जाएगी। नवरात्र पर्व के सभी धार्मिक आयोजन के पहले पूरे शहर ने भगवा ध्वज से सजाया जाएगा। साहू ने समस्त सनातनी परिवार से आग्रह करते कहा कि 9 से 17 अप्रैल तक अपने अपने घरो में भगवा ध्वज लगाए एवं प्रतिदिन रंगोली बनाए व दीप प्रज्वलित करे। यह सौभाग्य हम सनातनियों को 500 वर्षों के संघर्ष के सुफल के रूप में प्राप्त हुआ है। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अमन शर्मा, धर्म चंद शर्मा, अनिल अग्रवाल, पवन शर्मा, उमा गुप्ता, हेमा गुरवारा, विजय भारत, शंकर लाल गुप्ता, नवीन देवांगन, रंजीत पांडे, घनश्याम नाग, प्रेम चालकी, मुन्ना कोरी, अनिता गुप्ता, गीता शुक्ला, झरना मोहंती, निशा नाग समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




### शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में सजेगी विशाल रंगोली

राम जन्मोत्सव के प्रमुख योगेंद्र कौशिक ने कहा 17 अप्रैल को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में विशाल व आकर्षक रंगोली मातृ शक्तियों के द्वारा सजाई जाएगी जो स्पर्धा के रूप में रहेगी। सुबह 8 बजे रंगोली सजाओ स्पर्धा होगा। 9 अप्रैल से आगामी 17 अप्रैल तक हर घर में साज-सज्जा कर घर के छत में भगवा ध्वज लगाए। साथ ही पूरे 9 दिन घर के आंगन में रंगोली सजाकर 5 दीये प्रज्वलित करे। घर के मुख्य प्रवेश द्वार में आम पत्ते का तोरण सजाना है।

### धर्मांतरण को लेकर विहिप लगातार चला रहा घर वापसी अभियान

विहिप के जिलाध्यक्ष कहा कि परिषद लंबे समय से बस्तर में धमांर्तरण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। यही कारण है कि अब तक 700 परिवार को घर वापसी कराई गई है। शनिवार को भी 13 परिवार की घर वापसी की गई। इसी तरह गौवंश तस्करी रोकने लगातार जांच अभियान चलाकर सैकड़ो गौवंशो को बूचड़खाने जाने के पहले सुरक्षित गौशाला भेजने का काम विहिप व बजरंग दल के प्रयास से किया गया। अभी भी हमारे कर्मकर्ता गाव-गांव ने निगरानी बनाकर गौवंशो का अवैध कारोबार को रोके रखा है।

# पीएम के स्वागत के लिए सज गया छोटे आमाबाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र का छोटे आमाबाल गांव पूरी तरह से सज गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 8 अप्रैल को आगमन को लेकर हफ्ते भर पहले से ही जोरशोर से डोम बनाने और बैरिकेड्स लगाने का काम युद्धस्तर पर शुरू हो गया था। स्थानीय ग्रामीणों में भी गजब का उत्साह है। लोग पहली बार प्रधानमंत्री को नजदीक से देखेंगे और सुनेंगे। गांव के ग्रामीणों ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि अभी तक इस गांव में केवल बलीराम कश्यप ही मंत्री, सांसद और विधायक के रूप में आते थे। उसके बाद उनके दोनों बेटे केदार कश्यप और दिनेश कश्यप का आना जाना लगा रहता है। लेकिन इस गांव में आज तक कोई भी बड़ा नेता यहां तक कि कोई मुख्यमंत्री भी इस गांव में नहीं आया है। हमें इस बात पर खुशी के साथ गर्व है कि देश का प्रधानमंत्री हमारे गांव आ रहे हैं। स्वागत के लिए लोगों में जमकर उत्साह देखा जा रहा है। गांव के बुजुर्गों समेत युवाओं में भी उत्साह दिख रहा है। विशेषकर दशहरा पर्व में 9 दिन तक उपवास रहकर जोगी बैठने वाले हल्बा जाति के रघु, भगत और डमरू नाग के परिवार में खुशी है कि अभी तक जोगी के कारण छोटे आमाबाल गांव को लोग जानते थे, लेकिन अब प्रधानमंत्री के आने के लिए भी लोग इस गांव जानेंगे। पुजारी डमरू नाग ने बताया कि जोगी बनकर हमारा परिवार 600 साल से देवी दंतेश्वरी, मावली माता की सेवा करते आ रहे हैं और हमारी कुछ समस्या है जिसे प्रधानमंत्री को बताना चाहते हैं। यदि हमें प्रधानमंत्री से भेंट कराया जाएगा तो खुशी होगी।

■ जोगी परिवार मिलने को उत्सुक और ग्रामीणों में भारी उत्साह

# छुट्टी पर आए सैनिक ने किया गर्भवती महिला के लिए रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सदस्य सेवारत सैनिक उमेंन्द्र मरकाम छुट्टियों में अपने गृहग्राम चिपावंड आये हुए हैं । 3 अप्रैल को उनको सूचना मिली कि जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती गर्भवती महिला की डिलीवरी के लिए ब्लड की आवश्यकता है । तत्काल जिला अस्पताल कोंडागांव पहुंचकर गर्भवती महिला के लिए रक्तदान किया । साथ ही साथ पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर युवाओं को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण भी दे रहें है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के पूर्व सैनिक और सेवारत सैनिक निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के साथ–साथ रक्तदान, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरुकता अभियान जैसे कार्य करके युवाओं को एक नई प्रेरणा दे रहें हैं ।



# वन विभाग ग्रामीणों के साथ मना रहा महुआ पंडुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग बस्तर जिले के गांवों के महुआ वृक्ष नीचे ग्रामीणों के साथ महुआ पंडुम मना रहे हैं। इसके अलावा सामुहिक ग्रामीणों को नाट्य एवं गीत के साथ जागरूक कर रहे हैं कि ग्रामीण महुआ बिनने पहले महुआ वृक्ष नीचे स्थित कचरे, सूखे पत्तों को अपने सामने आग लगाएं और आग बुझने के बाद ही स्थल से बाहर जाएं।

इसमें बस्तर जिले के गांव-गांव में वनोपज समिति, एनजीओ के साथ-साथ वन विभाग के एसडीओ योगेश रात्रे, देवलाल दुग्गा, रेंजर प्रकाश ठाकुर, देवेन्द्र सिंह वर्मा आदि ग्रामीणों को जागरूक करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष बहुत से महत्वपूर्ण वनोपज जैसे महुआ फूल, साल बीज, तेंदूपत्ता आदि के संग्रहण से पूर्व ग्रामीण अपने महुआ वृक्षों के नीचे आग लगाते है, जो अनियंत्रित होकर पूरे जंगल में फैल जाता रहा है। जिसका नतीजा विगत वर्षों में देखने को मिला है, जिसमें इस संभाग के कई जिले जैसे बीजापुर एवं सुकमा वनों में होने वाले अग्नि घटनाओं के मामले में देश में अग्रणी हैं। जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि महुआ देवतुल्य माना जाता है, इस पेड़ से लोगों को आजीविका होती है। ग्रामीण क्षेत्र में महुआ संग्रहण कार्य किया जा रहा है, जिससे महुआ पंडुम मनाया जा रहा है।

# अवैध शराब बिक्री व सेवन करने वाले दो व्यक्ति पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कोतवाली पुलिस की नियमित चेकिंग अभियान जारी है। इसी कड़ी में अवैध शराब बिक्री एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई की है। प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से बेचते हुए अंग्रेजी शराब के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया है।

जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम एवं असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं राहुल उइके एसडीओपी दंतेवाड़ा के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस लगातार अवैध कार्यों में लिप्त असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। 4 अप्रैल को नियमित चेकिंग अभियान के दौरान मुखबीर की सूचना पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहे आरोपी प्रदीप यादव पिता स्व पाल यादव उम्र 37 वर्ष नयापारा थाना दन्तेवाड़ा को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब 11 बोतल बियर, 2 नग वेस्टो बियर विस्की कुल 7.510 एमएल कुल कीमती 2550 रुपए को लेकर बिक्री करने ग्राहक की तलाश में था। तत्संबंध में प्रदीप यादव के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 31/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है। एवं शराब पीकर मारुती वेन चलाने वाले ड्राइवर चुम्मन सिंह ठाकुर पिता हरी राम ठाकुर उम्र 50 वर्ष निवासी चूड़ी टिकरा पारा थाना दंतेवाड़ा के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के धारा 185 के तहत कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में उनि.योगेंद्र डहरिया, रामकुमार श्याम में सउनि. गुरुवन्ता बरगे, भूरेलाल शर्मा, प्रधान आरक्षक रइसा मंसूरी, आरक्षक गोपाल पुजारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# 6.85 लाख के गांजा के साथ पांच अंतर्राज्यीय तस्कर समेत 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

बस्तर पुलिस ने दो दिन में 6.85 लाख रुपए का अवैध गांजा बरामद किया गया है। मामले में सात तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा के मलकानगिरी से एक्सयूवी कार में कुछ तस्कर दरभा के रास्ते गांजा लेकर आ रहे है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यूपी के पांच तस्करों को सरगीपाल रेलवे क्रासिंग के करीब घेराबंदी कर पकड़ा गया। मामले में आरोपियों के कब्जे से 32.5 किलो गांजा के अलावा एक्सयूवी कार क्रमांक डीएल 10 सीटी 1411 व 5 मोबाइल जब्त किया गया। जब्त गांजा व कार की कीमत 11 लाख 75 हजार रुपए आंका गया है। मामले में ग्राम बुड़ोत जिला बागपत उतरप्रदेश निवासी आरोपी अब्दुल्ला कुरैशी 27 वर्ष, विशाल सिंह 25 वर्ष, वंश शर्मा 18 वर्ष 02 माह, सौरभ कुमार 26 वर्ष व संजू कश्यप 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर व शिवानंद सिंह के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, अमित सिदार, प्रधान आरक्षक छगन, उमेश चंदेल, मौसम गुप्ता, आरक्षक राकेश मंडावी, भैरव सिन्हा, भूपेंद्र नेताम व तोमेश चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांजा तस्करों के खिलाफ दूसरी कार्रवाई नगरनार पुलिस द्वारा ओडिशा बार्डर में की गई। आरोपियों के कब्जे से 35.990 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमती 3 लाख 60 हजार रुपए के अलावा 3 मोबाइल व नकदी रकम 5 हजार180 रूपए जब्त किया गया।



**कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही जीत का मूल मंत्रः टेकाम**

# तीन पार्षदों सहित पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल।

लोकसभा चुनाव के बीच लगातार भाजपा में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का शामिल होने का सिलसिला जारी है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि केशकाल मनसुख बुरड ने आज फिर से भाजपा का दामन थामा है। नगर पंचायत केशकाल के दो पार्षद गीता ध्रुव व शशि कला ठाकुर सहित पूर्व पार्षद महावीर जैन ने भी आज भाजपा का दामन थाम लिया है। ज्ञात होगी नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भाजपा पार्षदों में आरोप प्रत्यारोप का दौर चला था। इसके चलते तीन पार्षदों को भाजपा से निष्कासित किया गया था। विधानसभा चुनाव के दौरान लगातार उनके भाजपा शामिल होने की खबर चल रही थी। आज लोकसभा चुनाव के पहले ही इन्हें फिर से भाजपा का सदस्यता दिलाई गई है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनसुख लाल बुरड़ जो पूर्व विधायक सेवक राम नेताम के कार्यकाल के दौरान विगत 7 साल तक विधायक प्रतिनिधि रहते हुए विधानसभा क्षेत्र में एक अच्छी पहचान बना रखी थी। आज केशकाल विधायक नीलकंठ टीकम के सामने उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनसुख बुरड ने बताया कि लगातार कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर मैं ग्रामीण अंचल के विभिन्न पदाधिकारी के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने में कोशिश किया था। विगत कुछ वर्ष से मेरे शारीरिक परेशानी के चलते पार्टी से दूर हो चुका था। जिसके बाद आज फिर से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने बताया कि आज पूर्व पार्षद सहित विधायक के पूर्व प्रतिनिधि भी आज भाजपा में शामिल हुए हैं। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री की सोच की हर एक कार्यकर्ता अपने घर वापस लौटे, जिसको देखते हुए जगह-जगह पर भारतीय जनता पार्टी में सभी लोग शामिल किए जा रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर उसेण्डी ने बताया कि भाजपा में प्रवेश को लेकर सिलसिला जारी है। इस मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### स्वीप कार्यक्रम में हुई रंगोली, जलेबी दौड़ व मेहंदी प्रतियोगिता



**गीदम।** नगर पंचायत गीदम क्षेत्रांतर्गत शीतला मंदिर एवं कड़तीपारा में आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जन जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी जयंत नाहटा, तहसीलदार गीदम आशा मौर्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीपी ध्रुव, बीएलओ सुपरवाइजर तिरपेश चापड़ी, समस्त बीएलओ, शिक्षा विभाग के शिक्षकगण, नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह के सदस्य, स्कूली छात्र एवं छात्राओं समेत आम नागरिकों द्वारा इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। इस कार्यक्रम में रंगोली, जलेबी दौड़ व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया एवं उपस्थित समस्त लोगों को मतदाता शपथ दिलवाई गई। वही ईवीएम मशीन से नागरिकों को वोटिंग कैसे करना है, का प्रशिक्षण दिया गया। नगरवासियों से मतदान के दिन अपना अनमोल मत देने हेतु प्रेरित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### साहू समाज ने मनाई माता कर्मा जयंती



**भोंड।** साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती शुक्रवार को विकासखंड बस्तर मुख्यालय नगर पंचायत बस्तर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड नंबर 4 में धूमधाम से मनाई गई। भक्त माता कर्मा की सामूहिक महा आरती के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी ने माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विस्ततृ जानकारी दी। इस दौरान साहू समाज के समस्त पदाधिकारी समेत सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### अधिकारी ने एकलव्य आवासीय विद्यालय का किया अवलोकन



**लोहंडीगुड़ा।** जिले के विभागीय प्रमुख जीआर. शोरी डिप्टी कमिश्नर ने शुक्रवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गढ़िया लोहंडीगुड़ा का अवलोकन किया। जिसमें विद्यालय के समस्त कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने अधिकारी के प्रथम आगमन पर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत अधिकारी ने बच्चों को लक्ष्य बनाकर एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने, दृढ़ संकल्प, आत्म विश्वास के साथ कार्य करने पर ही शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की जा सकती है। अपना सपना हासिल करने के लिए किस प्रकार उद्देश्य बनाना है, इसके विषय बच्चों को विस्तृत जानकारी दी।

# साईं फाउंडेशन ने तीन स्थानों में लगाया सार्वजनिक प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अंचल में होली पर्व के बाद सूर्य अपने तीखे तेवर दिखा रहा हैं। जिससे क्षेत्र में एकाएक गर्मी बढ़ने लगी है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए शिरडी साईं सेवा समिति गीदम ने राहगीरों एवं आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर के सभी मुख्य स्थानों बस स्टैंड के सामने, फॉरेस्ट नाका एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया है। शिरडी साईं सेवा समिति के अध्यक्ष रवीश सुराना ने कहा कि बदलते मौसम के साथ बस्तर अंचल में भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। गर्मी के दौर में राहगीर एवं आम नागरिकों की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की होती हैं। जिसके लिये शिरडी साईं सेवा समिति के द्वारा अपने सदस्यों के सहयोग से




निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। जिससे राह चलते राहगीरों एवं आम नागरिकों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े व उन्हें आसानी से शुद्ध पेयजल मिल सके। गौरतलब है कि शिरडी साईं सेवा समिति विगत कई वर्षो से लोगों की भलाई के लिए क्षेत्र में विभिन्न कार्य कर रही है। जिसमें जरूरतमंद की मदद करना, रक्तदान शिविर लगाना, नवरात्र के समय पर यात्रियों के लिए संपूर्ण व्यवस्था करना, गर्मी के मौसम में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था करना, ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े बांटना, निराश्रित बच्चों का लालन-पालन आदि सेवा कार्य लगातार समिति कर रही है। समिति के सेवा कार्यों को देखकर जिला प्रशासन ने समिति को सम्मानित भी किया था।

### लिखित परीक्षा के संबंध में कलेक्टर की सलाह

# पीएससी मुख्य परीक्षा की तैयारी में जुटे युवाओं से कलेक्टर हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी विगत दिवस आंवराभाटा स्थित नवीन ग्रंथालय के प्रांगण में पीएससी मुख्य परीक्षा 2024 की तैयारी कर रहे युवाओं से चर्चा करते हुए उन्हें इस लिखित परीक्षा में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां साझा किये। उन्होंने युवाओं से कहा कि प्रश्न पत्र में दिए गए प्रश्नों को पहले ठीक से समझना सर्वाधिक जरूरी है, हमें यह ध्यान रखना होगा कि प्रश्नों में ही उत्तर लिखने की कुंजी रहती है। अतः प्रश्नों की जितनी मांग है, हमें उतना ही उत्तर लिखना चाहिए और इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि अनावश्यक तथ्य का हमारे उत्तर में उल्लेख न हो। इसके अलावा भारत की अर्थव्यवस्था संबंधी पूछे गये प्रश्नों में अद्यतन डेटा भी अवश्य लिखें। साथ ही इस संबंध में बनाई गई कमेटी और नीतियों के संबंध में भी जानकारी दी जा सकती है। भारत के संविधान के अन्तर्गत उत्तरों में मूलभूत जानकारी के साथ-साथ नवीनतम मुद्दों में दिये गये संवैधानिक निर्णय एवं संविधान संशोधन को भी अवश्य जोड़े और अगर आर्टिकल का भी संक्षिप्त उल्लेख करते है तो यह उत्तर को अधिक प्रभावी बनायेगा। भारत का भूगोल आधारित प्रश्नों के उत्तर के तहत आवश्यकतानुसार भारत के नक्शे का चित्रांकन करें, साथ ही अपने उत्तरों में डायग्राम, टेबल, फ्लो चार्ट को भी शामिल करें। इसके अलावा अपने सभी उत्तरों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को अंडरलाइन भी करते रहें। जिससे परीक्षक उत्तरों के महत्वपूर्ण पहलुओं को आसानी से परख सकें। निबंध पेपर के अंतर्गत चयनित निबंध की भूमिका एवं उपसंहार प्रभावशाली होना चाहिए। साथ ही निबंध की मुख्य विषयवस्तु को आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक आधार देते हुए बहुआयामी बनाया जा सकता है। निबंध के चयन के पश्चात परीक्षार्थी पहले उसका एक खाका तैयार कर लेवें, उसके बाद लिखना प्रारंभ करें।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा मुख्यालय के नवीन ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के युवाओं के लिए अनुभव की पाठशाला नामक प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया है। जिसमें जिले के अधिकारियों द्वारा परीक्षार्थियों के लिए परीक्षाओं की पूर्व तैयारियां, कोचिंग की आवश्यकता, महाविद्यालय एवं प्रतियोगी परीक्षा में अंतर, पठन सामग्री की गुणवत्ता, पढ़ने के तरीके जैसे विषय वस्तुओं पर युवाओं को मार्गदर्शन देने के अलावा अपने परीक्षा तैयारियों के अनुभव युवाओं से साझा की जाती है।

# चलित मतदान दलों की हुई रवानगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 85 वर्ष से अधिक वृद्धजन एवं दिव्यांगजन मतदाता

■ **10 वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर जाकर मतदान करायेगें दल**

के लिए चलित मतदान के माध्यम से उनके घर जाकर मतदान करवाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस क्रम में आज जिला कार्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से सीलिंग की प्रक्रिया सम्पन्न की गयी और चलित मतदान दलों के कर्मचारियों को रवाना किया गया। ज्ञात हो कि जिले में चलित मतदान के माध्यम से आज 10 वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराया जाएगा। इसके अंतर्गत 8 वृद्धजन तथा 2 दिव्यांग मतदाता है। इसके तहत ग्राम मासोड़ी की वृद्धा महिला मतदाता भोगो मुड़ियाम ने बैलेट पेपर से पहला मतदान किया। इसके साथ ही मतदान दल द्वारा हीरानार, कासौली, कारली, हारम और गीदम में भी दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के घर जाकर उनसे मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराई गयी। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर कमल किशोर, तहसीलदार आशा मौर्य, नायब तहसीलदार पूनम ठाकुर सहित मतदान दल के सदस्य उपस्थित थे।

# एनएमडीसी के निदेशक का बचेली दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

देश की प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी के निदेशक उत्पादन दिलीप कुमार मोहंती का बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में दो दिवसीय दौरे पर आगमन हुआ। उनके आगमन पर बचेली परियोजना प्रमुख बी. वेंकटेश्वरलु के नेतृत्व में समारोह आयोजित कर उनका स्वागत किया गया। इस दो दिवसीय दौरे की अवधि में निदेशक मोहंती द्वारा परियोजना स्थित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठकें प्रस्तावित हैं। ज्ञातव्य है कि हाल ही में पूर्ण हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स ने रिकॉर्ड उत्पादन व प्रेषण का कीर्तिमान स्थापित किया है। इस श्रेष्ठ उपलब्धि के पश्चात एनएमडीसी के निदेशक उत्पादन का यह पहला बचेली दौरा है। निदेशक उत्पादन ने बचेली पहुंचने पर अपने विचार व्यक्त करते हुए



बचेली परियोजना के उत्पादन एवं प्रेषण में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के कुशल मार्गदर्शन एवं एनएमडीसी के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के कठिन परिश्रम का सुखद परिणाम है। एनएमडीसी लिमिटेड वर्तमान में 45 एमटी लौह अयस्क के उत्पादन की उपलब्धि प्राप्त कर चुका है एवं उत्पादन के क्षेत्र में अपने वृहद लक्ष्य अर्थात सन 2030 तक 100 एमटी लौह अयस्क उत्पादन को प्राप्त करने की ओर निरंतर अग्रसर है।

### ज्योति कलश स्थापना कल तक

**दंतेवाड़ा।** टेम्पल एस्टेट दंतेवाड़ा के जानकारी अनुसार चैत्र नवरात्रि पर्व का प्रारम्भ 9 अप्रैल से होगा, जिसका समापन 17 अप्रैल को होगा। इस संबंध में आदिशक्ति मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में ज्योति कलश स्थापना के लिए तेल ज्योति कलश 1100 व घी ज्योति कलश 2100 रुपए निर्धारित की गयी है। ज्योति कलश स्थापना हेतु अंतिम तिथि 8 अप्रैल तक नियत है। शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में नवरात्रि में ज्योति कलश की ऑनलाइन बुकिंग भी की जा रही है।

# मतदान दलों का हुआ द्वितीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दलों को मतदान सम्बन्धी प्रक्रिया सम्पादन के लिये प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी सिलसिले में शनिवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को गहन प्रशिक्षण दिये जाने के क्रम में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम मशीन के उपयोग तथा सीलिंग प्रक्रिया सहित विभिन्न प्रपत्रों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। वहीं ईवीएम से माकपोल एवं मतदान समाप्ति के पश्चात सीलिंग इत्यादि कार्यों के बारे में पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के जरिए जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन द्वारा पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर



मतदान सम्बन्धी सभी प्रक्रियाओं के बारे में बारीकी से प्रशिक्षण लेने की समझाईश दी गई। इसके साथ ही अपनी शंकाओं का समाधान करने को कहा। इस दिशा में उन्होंने मास्टर्स ट्रेनर्स को हरेक प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मितानिनें मतदाताओं को कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा निर्वाचन के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के तहत कटेकल्याण के ग्राम चिकपाल, नगर पालिका दंतेवाड़ा, मोलसनार के उडेला स्कूल पारा में स्वीप कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर संपर्क कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही घर-घर में बैनर, पोस्टर, चस्पा करने सहित ग्रामीणों व दुकानदारों को वोट करने की अपील की गयी। इसी के साथ ही किरंदुल परियोजना में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ ही बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ और नव विवाहित जोड़े को श्रीफल देकर मतदान में हिस्सा लेने को कहा गया। इसके अलावा मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के




नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने, मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही अपने घरों व आस-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# कांग्रेस पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम की उपस्थिति में भाजपा की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी व जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर गीदम से राजेश गुप्ता (झल्लर) जिला सचिव कांग्रेस, सुनील जैन जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ट कांग्रेस, जयप्रकाश बघेल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, दुर्गा गुप्ता महिला नगर अध्यक्ष कांग्रेस, बबलू गुप्ता पोलिंग बूथ अध्यक्ष कांग्रेस, विधान मण्डल जिला महासचिव एनएसयूआई, बलराम देवांगन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष



एनएसयूआई, विपुल मण्डल, दीपक जयसवाल, गोपी यादव, अमरनाथ, सुनील, दिलीप, सुनील पुनेम, अमित उज्जी, लक्ष्मीनंद, रामकुमार, राकेश, श्यामलाल, प्रताप कुंजाम, बिनूराम कुंजाम एवं जोगाराम कश्यप ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने सभी को भाजपा का गमछा पहनाकर प्रवेश करवाया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी समेत समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदाता वोटिंग दिवस में मताधिकार का करें उपयोग : कंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने जगदलपुर शहर में आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान दिवस पर एक त्यौहार का माहौल होता है। सभी जागरूक नागरिक, अन्य लोगों को मत के महत्व को समझाते मतदान का संदेश घर-घर, गांव-गांव पहुंचाएं, ताकि बस्तर क्षेत्र के मतदाता वोटिंग दिवस में अधिक से अधिक अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि मेरा वोट देश के नाम की भावना से निर्वाचन में मिले मताधिकार का उपयोग कर देश निर्माण, विकास के दायित्व को पूर्ण करें। विधानसभा निर्वाचन मतदान के लिए जो सजगता, विश्वास आप लोगों ने दिखाया, उसका नतीजा बस्तर संभाग में कई सालों का मतदान प्रतिशत का रिकार्ड तोड़कर नया कीर्तिमान बनाया गया। पूरे संभाग में 78 प्रतिशत वोटिंग हुई, इसके अलावा बस्तर जिले के तीनों



विधानसभा में 80 प्रतिशत मतदान किया गया। प्रदेश के इस वनांचल में इस प्रकार उत्साह अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की सराहना की। इसके साथ ही बड़े हर्षोल्लास के साथ इस मतदाता जागरूकता रैली में शहरवासी शामिल हुए, इसके लिए सभी को बधाई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को व्यापक स्तर पर अच्छे ढंग से चलाने के कारण उत्साहजनक 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। यही नहीं जिले में संगवारी मतदान केंद्रों का और विधानसभा चुनाव का मतगणना भी शत-प्रतिशत महिला कर्मचारियों से करायी गई। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार लोकसभा निर्वाचन में जिले के 125 मतदान केंद्रों के लिए महिला कर्मचारियों का मतदान दल बनाया गया है। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम पंचायतों, हाट बाजारों में मतदाता जागरूकता अभियान करने की जानकारी भी दी। साथ ही प्रत्येक परिवार, समाज के मतदाताओं को घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की।

इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए और रैली में शामिल दिव्यांगजनों को पुष्प भेंट कर हौसला अफजाई की। इसके साथ ही रैली में शामिल नागरिकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई। दूर-दूर तक मतदान की जागरूकता फैलाने के लिए तीन रंगों के गुब्बारे भी छोड़े गए। जागरूकता रैली शहीद पार्क से प्रारंभ होकर एसबीआई चौक से होते सदर बाजार से होते हाता ग्राउंड पहुंची, जहां पर रैली का समापन मानव श्रृंखला बना कर किया गया। कार्यक्रम में मतदान करने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के द्वारा नुक्कड़ नाटक, बादल अकादमी के वोट देने हेतु गीत, समाज कल्याण विभाग के दिव्यांग बच्चों के द्वारा गीत और दरभा स्कूल की छात्रों द्वारा स्थानीय बोली में 19 अप्रैल को मतदान करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**शपथ—पत्र**

मैं श्रीमती सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश कुमार गोस्वामी उम्र 54 वर्ष, निवासी जी. ए.डी. कालोनी आंवराभाटा दन्तेवाड़ा तह व जिला दन्तेवाड़ा छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। एवं मेरा आधार कार्ड क्रमांक - 31689173 7058 है।
2. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रो में मेरा नाम सुनीता यादव पिता श्री लक्ष्मण सिंह यादव लिखा है।
3. यह कि मेरा विवाह अविनाश कुमार गोस्वामी के साथ सम्पन्न हुआ है। विवाहोपरान्त मेरे समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, मे मेरा नाम सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश कुमार गोस्वामी लिखा है।
4. यह कि मैं पासपोर्ट बनवाना चाहती हूँ। पासपोर्ट में विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश कुमार गोस्वामी लिखाना चाहती हूँ।
5. यह कि विवाह पूर्व मेरा नाम सुनीता यादव एंव विवाह पश्चात मेरा नाम सुनीता गोस्वामी के समर्थन में मैं दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराना चाहती हूँ।
6. यह कि वर्तमान में मुझे सुनीता गोस्वामी पति श्री अविनाश कुमार गोस्वामी के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 06 की कथन मेरे स्वतः ज्ञान एवं विवेक विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है आज दिनांक 06/04/2024 को स्थान दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर हस्ताक्षरित किये।

**सत्यापनकर्ता**

**खबर संक्षेप**

### तेतरकुटी में साहू समाज आज मनायेगा कर्मा जयंती

जगदलपुर। साहू समाज तेतरकुटी में 7 अप्रैल को आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। अध्यक्ष गणेश राम साहू ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार 7 अप्रैल को अपरान्ह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसके अनुसार सामाजिक परिचय सम्मेलन, कलश स्थापना, सामूहिक आरती तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। माता कर्मा को भोग प्रसाद खिलाने के पश्चात भंडारा का आयोजन किया जायेगा। सचिव देवनारायण साहू ने कर्मा जयंती समारोह में स्वजातिय बंधुओं से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### 8 सूत्री मांगों को लेकर पहुंचेंगे जनता के बीच

जगदलपुर। बस्तर हित विकास के मुद्दों को लेकर वर्षोंर् से सड़क की लड़ाई लड़ रही बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा अब वर्तमान चुनाव के समय लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में चाय पर चर्चा का 7 से 14 अप्रैल तक आयोजन करने जा रही है।



मोर्चा संयोजक नवनीत चांद ने बताया कि मोर्चा फोर लेन सड़क, शिक्षा, पर्यटन, उद्योग, रेलवे, स्वास्थ सुविधा, सिंचाई सुविधा की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। अब जब लोकसभा चुनाव संपन्न होने जा रहा है पार्टी के साथ प्रत्याशी बड़े-बड़े वायदे कर रहे हैं ऐसे में हमारा स्पष्ट कहना है कि जो बस्तर हित बस्तर के श्रेष्ठ विकास के लिए जनता से जुड़ी हमारी मांगों को पूरा करेगा उसी को ही वोट प्राप्त होगा। मोर्चा अपनी मांगों को लेकर अब सभी विधानसभा क्षेत्र में कल से जनता के साथ नुक्कड़ पर सड़क पर चाय ठेले पर चर्चा करेगी और उन्हें मांगों से परिचित कराया जाएगा और बस्तर के विकास के लिए अपनी मांगों पर विश्वास हासिल किया जाएगा।

### सुहिणी सोच की अध्यक्ष बनी नीलम



जगदलपुर। पूज्य सिंधी पंचायत के अंतर्गत सिंधी समाज की महिलाओं के लिए निर्मित संस्था सुहिणी सोच का वार्षिक चुनाव संरक्षक गोवर्धन दास नवतानी, अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर भोजवानी की उपस्थिति में महिलाओं की सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की महिला विंग सुहिणी सोच के संरक्षक पद पर पुष्पा मनवानी एवं रजनी दंडवानी, अध्यक्ष नीलम बसंतवानी, उपाध्यक्ष अनीता दुल्हानी, सचिव भारती लालवानी, सहसचिव दीपा नागवानी, कोषाध्यक्ष ऋचा नानकानी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नवताणी, सांस्कृतिक प्रभारी रिया दुल्हानी, पूजन प्रभारी चंद्रा नवतानी एवं रेशमा भोजवानी को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी में अमृता मूलचंदानी व साधना वाधवानी को शामिल किया गया। इस दौरान सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष सुनील दंडवाणी, सचिव हरेश नागवानी, सहसचिव बृजलाल नागवानी, सदस्य किशोर मनवानी, सोनू नानकाणी, बसंत उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन की तैयारियों की ली समीक्षा बैठक

# प्रारंभिक तैयारी अच्छी हो तो निर्वाचन कार्य सुगमता से होते है संपन्न : कंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि निर्वाचन हेतु आपकी प्रारंभिक तैयारी अच्छी हो तो निर्वाचन कार्य सुगमता से संपन्न होगी। विधानसभा निर्वाचन के दरमियान बस्तर क्षेत्र के सभी विधानसभा में चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्विघ्न मतदान करवाने के साथ-साथ संभाग में मतदान का प्रतिशत भी बढ़ा। इसके लिए संभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित संबंधित जिलों के तत्कालिक जिला निर्वाचन अधिकारियों की कार्ययोजना व निर्वाचन कार्यप्रणाली को बहुत बहुत बधाई। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन में भी आपसी समन्वय से निर्वाचन को संपादित किया जाना है। गर्मी के मौसम में इस क्षेत्र को एक अलग चुनौती का सामना करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को बस्तर जिले के जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।

बैठक में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी जिलों बस्तर, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से उनकी विधानसभावार तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में आवश्यक मानव संसाधन व अन्य व्यवस्था की जानकारी ली गई। मतदान दलों की रवानगी और वापसी की कार्ययोजना, संगवारी मतदान केंद्रों, युवा मतदान केंद्रों, दिव्यांगजनों द्वारा संपादित की जाने वाली मतदान केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति, मतदान दलों का प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट, ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की उपलब्धता, बजट की आवश्यकता सहित अन्य जरूरी विषयों पर चर्चा किया गया। इसके अलावा आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक ओपी पाल, कमिश्नर श्याम धावड़े और बस्तर आईजी सुंदर राज पी. ने भी मतदान के लिए आवश्यक तैयारियों के संबंध में अपने विचार रखे। इस अवसर पर बस्तर लोकसभा निर्वाचन के रिटर्निंग अधिकारी विजय दयाराम के., मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पीएस ध्रुव, अन्य अधिकारी सहित जिला कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को जीताना आवश्यक: महेश

# प्रत्याशी के समक्ष कोकावाड़ा में 35 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बस्तर लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी महेश कश्यप ने शनिवार को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के कुकानार, तोंगपाल, कोकावाड़ा, डिलमिली सहित अनेक गांवों में दौरा किया। भाजपा के स्थापना दिवस पर उन्होंने भाजपा कार्यालयों में ध्वजा रोहण के साथ जनसम्पर्क अभियान किया। प्रत्याशी के समक्ष 35 लोगों ने भाजपा का दामन थामा। सभी का गमछा पहनाकर पुष्प हार से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी जनसेवा के लिए समर्पित पार्टी है। इस पार्टी का हर सदस्य देशप्रेम एवं राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ओत प्रोत है। उन्होंने इस मौके पर पार्टी के सभी पितृपुरुषों को स्मरण कर उन्हे नमन किया साथ यह भी कहा यदि भाजपा न होती तो आज पृथक छत्तीसगढ़ राज्य भी नही होता और न बस्तर आज विकास के मार्ग से जुड़ पाता। उन्होंने कहा अभी हाल में ही विधानसभा चुनाव संपन्न हुए जिसमे आप सभी ने भारी मतों से विनायक गोयल को जीताते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार बनाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 100 दिन में गारंटी के साथ कई काम पूरा किया। इस बार आप भी जनता को 19 तारीख को तय करना है कि घोटालेबाज लोगों को सांसद बनाकर घोटाला करवाना है या विकास करने वाली संगठन के व्यक्ति को जीताकर क्षेत्र का तीव्र गति से विकास करवाना है। आप सभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार प्रधानमंत्री पद पर बिठाने का कार्य करेंगे यही आप सभी से आग्रह करने आया हूं। इस दौरान शक्ति सिंह चौहान, सुखदेव नाग, विकास भदौरिया, मंगला बघेल, सुनिल गुप्ता, सुखदेव नाग, आयतु कोराम, मनीराम, उमा शंकर चक्रधारी, जगतु ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डबल इंजन की सरकार से डबल काम

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि पिछले 15 साल छत्तीसगढ़ में राज करके भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित बस्तर का विकास किया है। वही पिछले 5 साल राज करने वाली सरकार ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया। आप सभी ने मुझे विधायक बनाया है अब आपको सांसद बनाना है। जिससे कि डबल इंजन के साथ विकास हो सके। डबल इंजन सरकार बनेगी तो तेज गति से आपके क्षेत्र का विकास होगा।

# झूठ का पुलिंदा है कांग्रेस का घोषणा पत्र: जी. वेंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कांग्रेस के द्वारा जारी किये गये घोषणा पत्र में दूरदर्शिता और गंभीरता का अभाव है। विकसित भारत की कोई कार्य योजना कांग्रेस के पास नहीं है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन का कोई प्रावधान उनके वायदे में नहीं है। देश की रक्षा और सामरिक जरूरतों को लेकर कोई ठोस योजना प्रस्तुत करने में कांग्रेस असफल रही। उक्ताशय के विचार भारतीय जनता पार्टी बस्तर जिला प्रभारी जी. वेंकट ने व्यक्त किये।



उन्होंने कहा कि पूरे घोषणा पत्र में कांग्रेस यह बताने में असफल रही है कि 55 वर्ष तक देश में शासन करने के बाद भी उन्हें न्याय शब्द का प्रयोग अपनी घोषणा पत्र के लिए क्यों करना पड़ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष का बयान घोषणा पत्र पढ़ने के दौरान दर्शा रहा था कि देश के विकास में जनता के सभी वर्ग के योगदान को स्वीकारने की बजाय केवल कांग्रेस की ही भूमिका को सर्वोपरि रखना चाहते थे। कांग्रेस हर चुनाव में जनता को नए सब्जबाग दिखाती है और सरकार बनने के बाद जन सरोकारों से दूर हो जाती है। छत्तीसगढ़ इसका सबसे बड़ा उदहारण है, जहां 15 वर्ष सत्ता से दूर रहने के बाद जब कांग्रेस को सत्ता मिली तो बेरोजगारों, दैनिक वेतन भोगियों, महिलाओं को 500 रूपए प्रति माह दिये जाने के वादे का क्या हश्र किया। इसे छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है। जनता जनार्दन से सदैव झूठ बोलने वाली और छल करने वाली कांग्रेस देश और प्रदेश की सत्ता से बाहर है, जिसे जनता ने ही सत्ता से उखाड़ फेंका है। कांग्रेस किसी भी तरह सत्तासीन होने के लिये एक बार फिर झूठे वादों का पुलिंदा अपने फर्जी घोषणा पत्र के रूप में लेकर घूम रही है।

### राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री का स्वागत...



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय का एयर पोर्ट में पार्टी के पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।

# हर बूथ जीतने का संकल्प लें कार्यकर्ता: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने मतदाताओं को जोड़ने अभियान चला रखा है इसी परिपेक्ष्य में नगर के शांति नगर शक्ति केंद्र में आयोजित चाय पर चर्चा एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा के संभागीय सह संगठन प्रभारी निरंजन सिन्हा ने कहा कि हर बूथ जीतने के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ता जुट जाएं। उन्होने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में मजबूती के साथ घर-घर प्रचार करने का आव्हान किया। लोकसभा प्रभारी महेश जैन ने कहा कि प्रत्याशी महेश कश्यप को विजय बनाकर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता कार्य करें तथा पार्टी को भारी मतों से विजय दिलाने के लिए टीम भावना से कार्य करें। प्रदेश प्रवक्ता एवं लोकसभा के सहसंयोजक संजय पांडे ने कार्यकर्ताओं को विजय का संकल्प दिलाया और कहा कि प्रत्येक बूथों पर बीजेपी को विजय हासिल हो इस मंत्र के साथ कार्य करें। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार में सभी वर्ग के लिए योजनाएं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। देश आज उच्च शिखर पर है पिछले 5 साल में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड बनाई थी। कांग्रेस की भ्रष्ट नीति भ्रष्टाचार और झूठे वादे कर प्रलोभन देकर वोट लेना चाहती है उसका भी खुलासा हमें मतदाताओं के सामने करना है। नगर मंडल के अध्यक्ष ने लाभार्थियों से संवाद किया एवं राज्य एवं केंद्र सरकार की योजना का प्रचार प्रसार कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। संचालन शक्तिकरण प्रभारी योगेश शुक्ला एवं आभार योगेश मिश्रा ने माना। इस दौरान पार्षद मोतीराम बघेल, रवि शर्मा, सोनू शुक्ला, सत्यवती महापात्र, नम्रता नाग, प्रभात चौहान, सुधा रानी, शंकर यादव, मीना विश्वकर्मा, राधा बघेल, सुखविंदर कौर, शशि नाग, गुरमीत कौर, गीता प्रियतमा, राजकुमार सिंह, चंद्रभान सिंह, अभिषेक जेना, नितेश्वर बघेल, पवन नाग, मधु बघेल, पायल शर्मा, रोहित तिलक, अरुण शर्मा, सतीश बोहरा समेत कार्यकर्ता व लाभार्थी उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं का अंत्योदय के सपने को साकार करने में अहम भूमिका: नेताम

हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन मंत्री कृषि एवं अनुसूचित जाति जनजाति राम विचार नेताम ने भाजपा की स्थापना दिवस के अवसर पर नगर मंडल के प्रवीर वार्ड शक्ति केंद्र में भाजपा का झंडा फहराकर भाजपा के आदर्श पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर स्थापना दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और लोकसभा चुनाव जीतने के टिप्स दिए। उन्होंने पार्टी के गठन से लेकर आज तक के कार्य एवं पार्टी के विचारधारा के लिए समर्पित होकर कार्य करने वाले वरिष्ठ नेताओं को याद करते कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरा। उन्होंने कहा हमें इस बात का गर्व होना चाहिए कि हम दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता है और अंतिम व्यक्ति के विकास ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। आज पूरी दुनिया भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में चल रही है। गरीब कल्याण के लिए समर्पित होकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कार्य कर रही है। आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेई, अभय दीक्षित, राजेन्द्र ठाकुर, नरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, प्रेम सेठिया, गजेंद्र पगारे, मोहनलाल ठाकुर, सुभाष नाग, यशपाल ठाकुर, संतोष पांडे, अजय बैरागी, उमेश ठाकुर, रुकमणी कश्यप, श्याम मौर्य, राजबिर सिंह ठाकुर, पुर्वी ठाकुर एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद ने संगठन का विस्तार करते सौंपा दायित्व



जगदलपुर। विश्व हिंदू परिषद की बैठक में प्रांत के संगठन मंत्री नंद दास ने संगठन की रीति नीति एवं विस्तार के लिए मार्गदर्शन देते एवं प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे द्वारा विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, जिला अध्यक्ष हरि साहू एवं जिला मंत्री अमनदीप शर्मा की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी में दायित्वों की घोषणा की गई। जिसमें जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैन, जिला सहमंत्री होमेश राठौर, जिला गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख श्रीनिवास रेड्डी, जिला संयोजिका हेमा गुरुवारा, जिला सहसंयोजिका अलका गुप्ता एवं चारुलता चौहान सत्संग प्रमुख सुशीला साव एवं सुनीता कुशवाहा, सेवा प्रमुख रितु त्रिवेदी एवं नीति चौहान, बाल संस्कार केंद्र प्रमुख झरना मोहती एवं प्रियंका दुबे, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका निशा नागवंशी और अन्य को जिम्मेदारी दी गई है।

# डॉ. मनोज पाणीग्राही हुए योग रन अवार्ड से सम्मानित

हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



नागपुर की अखिल भारतीय संस्था विश्व आरोग्य सेना द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करने के लिए संस्थाओं और कार्यकर्ताओं को अखिल भारतीय स्तर पर सम्मानित करती आ रही है। इस वर्ष का योग रत्न अवार्ड 2024 के लिए बस्तर क्षेत्र के डॉ मनोज पानीग्राही का चयन अखिल भारतीय स्तर पर इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार उन्हें छत्तीसगढ़ क्षेत्र में आदिवासी अंचलों पर योग और आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा देने के लिए विशेष रूप से प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी इंडियन योग एसोसिएशन द्वारा 2023 में योग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य के लिए उन्हें सम्मानित कर एसोसिएशन के आजीवन सदस्यता प्रदान की गई। इससे पूर्व कई पुरस्कार व अवार्ड से डॉ मनोज पाणिग्रही को सम्मानित किया जा चुका है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

Rahul Travels
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
संपर्क करें:-7354-411411